आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.06.2024/प्रादेशिक समाचार/9:20 बजे

मतदान

प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों के लिए 70 दशमलव नौ छह फीसदी मतदान हुआ है। विधानसभा की छह सीटों पर उपचुनाव में 74 दशमलव शून्य एक प्रतिशत वोट पड़े। मंडी संसदीय क्षेत्र में सर्वाधिक 72 दशमलव तीन दो प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि कांगड़ा में 67 दशमलाव नौ सात फीसदी वोट पड़े। मंडी जिला के सराज विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 79 दशमलाव दो–दो प्रतिशत लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शिमला संसदीय क्षेत्र में 71 दशमलाव दो–छह फीसदी मतदान जबकि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में 72 दशमलव दो–छह प्रतिशत लोगों ने वोट डाले। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति में 92 और किन्नौर में 128 तथा चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र भरमौर सहित पांगी में कुल 152 मतदान केंद्र बनाए गए थे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ाने के संदेश के दृष्टिगत प्रदेश के विभिन्न भागों में कुल 44 ग्रीन पोलिंग स्टेशन स्थापित किए गए थे।

प्रत्याशी

प्रदेश में कल संपन्न हुए लोकसभा चुनावों व छह विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में कुल 62 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है। इनमें से 37 प्रत्याशी लोकसभा चुनाव जबकि 25 उम्मीदवार 6 विधानसभा सीटों में अपना भाग्य आजमा रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर और कांग्रेस के सतपाल रायजादा के बीच है। कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 10 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। यहां मुख्य मुकाबला भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज और कांग्रेस के आनंद शर्मा के बीच है। शिमला संसदीय सीट पर पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। यहां भाजपा के सुरेश कश्यप और कांग्रेस के विनोद सुल्तानपुरी के बीच कांटे की टक्कर है। मंडी संसदीय सीट पर भाजपा की कंगना रनौत और कांग्रेस के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह के बीच कड़ा मुकाबला है। देशभर में 7 चरणों में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए डाले गए वोटों की गिनती 4 जून को की जाएगी।

मतदान केंद्र

प्रदेशभर में मतदान के लिए स्थापित किए गए 7 हज़ार 9 सौ 92 मतदान केन्द्रों में से एक सौ 95 मतदान केन्द्रों का संचालन महिलाओं द्वारा किया गया। मतदान प्रक्रिया पूरी करने के लिए इन मतदान केन्द्रों में महिला कर्मचारियों की तैनाती की गई। इसके

अलावा 28 मतदान केन्द्र ऐसे हैं जिनका संचालन केवल दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा ही किया गया। इसी प्रकार 54 मतदान केन्द्रों के संचालन का ज़िम्मा युवा कर्मियों को सौंपा गया।

टशीगंग

लाहौल–स्पिति ज़िले में दुनिया के सबसे ऊंचे मतदान केंद्र टशीगंग में 79 दशमलव शून्य–तीन फीसदी मतदाताओं ने वोट डाले। इस मतदान केंद्र में कुल 62 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें से 49 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस मतदान केंद्र को परंपरागत तरीके से सजाया गया था और लोग पारंपरिक वेशभूषा के साथ मतदान करने पहुंचे। मतदान डियूटी पर तैनात मतदान कर्मी भी पारंपरिक परिधान में नज़र आए।

मौसम

राजधानी शिमला सहित तथा सोलन जिला में कल हुई हल्की वर्षा से से गर्मी से हल्की राहत मिली है। मैदानी जिलों में प्रचंड गर्मी को सिलसिला जारी है। हमीरपुर के नेरी में कल अधिकतम तापमान 46 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। जबकि ऊना का तामपान 44 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रहा। उधर जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति की ऊँची चोटियों पर हल्की बर्फवारी हुई है जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश में मैदानी और मध्य पर्वतीय दस जिलों में आज मौसम साफ बना रहेगा। मौसम विभाग ने कल से प्रदेश में बारिश और अंधड़ का येलो अलर्ट जारी किया है।

और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर.....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने कल हुए मतदान से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है– हिमाचलियों ने फिर दिखाया उत्साह, 70 दशमलव एक सात फीसदी से ज्यादा मतदान। पंजाब केसरी की सुर्खी है–हिमाचल में लोकसभा में 70 फीसदी से अधिक व विधानसभा उपचुनाव में 74 फीसदी से अधिक मतदान। दिव्य हिमाचल के शब्द है–हिमाचल में मनमुटाव का चुनाव निपटा। दैनिक भास्कर लिखता है– लोकसभा में 68 प्रतिशत मतदान, 2019 के चुनाव के मुकाबले 4 प्रतिशत कम, विधानसभा उप–चुनावों के लिए 69 प्रतिशत मतदान। दैनिक जागरण के अनुसार– शिखर पर मतदान– हिमाचल में मतदाताओं में उत्साह, 71 प्रतिशत मतदान।

हिमाचल दस्तक मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–4 जून को भाजपा को अहंकार का पता चलेगा। अखबार की एक अन्य खबर है–प्रदेश के 5 हजार

सरकारी डिपो होंगे डिजिटल–स्मार्ट पी.डी.एस योजना में रजिस्टर हुए, एक क्लिक पर विभाग जांचेगा राशन।

पंजाब केसरी विपक्ष के नेता जय राम ठाकुर के हवाले से लिखता है–फिर बोल रहा, 4 को एक नहीं दो सरकारें बनेंगी। इसी अखबार ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–जनबल जीतेगा, मुझे जनता पर पूरा भरोसा।

प्रदेश में डब्ल्यूडी एक्टिव, 3 ज़िलों में बारिश से तापमान 2 डिग्री तक गिरा शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– 7 जून तक गर्मी से मिलेगी राहत, सैलानियों ने हिमाचल का रूख किया।